## संक्षिप्त

### सैनी को डॉक्टरेट की मानद उपाधि

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के नागाजी की गौर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता एड. जयप्रकाश सैनी उर्फ जेपी कोटिया को उनकी उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं व मानवता के लिए गांधी पीस फाउण्डेशन नेपाल की ओर से डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई है। आपको बता दें कि एड. जयप्रकाश सैनी अखिल भारतीय मालव महासभा के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के प्रदेश सलाहकार, भारतीय समता समाज के प्रदेशाध्यक्ष है। फाउण्डेशन द्वारा प्रतिवर्ष विश्व स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले कुछ विशिष्ट व्यक्तियों को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की जाती है। जेपी कोटिया का मानद उपाधि के लिए चयन फाउण्डेशन के फाउंडर अध्यक्ष डॉ. लाल बहादुर राणा द्वारा किया गया।

### रावणा राजपूत समाज की बैठक

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे में रावणा राजपूत समाज की तहसील स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के विकास के लिए शिक्षा का बढ़ावा देने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। समाज की प्रतिभाओं का सम्मान करने सहित मिलजुल कर समाज का विकास करने एवं सामाजिक कार्यों पर विचार विमर्श एवं चर्चा की गई। बैठक में सर्व समिति से रविवार को कस्बे के वार्ड नंबर 25 महाराणा प्रताप कॉलोनी स्थित पार्षद जुगल राजावत के निजी आवास पर मीटिंग आयोजित कर रावणा राजपूत समाज छात्रावास विकास समिति का अध्यक्ष चुनने का सर्व सहमति से निर्णय लिया गया।

### आंगनबाडी केंद्रों पर 9 तक अवकाश

**दौसा, (निसं)।** जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने जिले में भीषण गर्मी एवं हीट वेव की स्थिति को देखते हुए आंगनबाडी केंद्रों पर 3 से 6 आयु वर्ष के बच्चों का 27 मई से 9 जून तक अवकाश घोषित किया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक विजय कुमार ने बताया कि इस अवधि का पूरक पोषाहार होम राशन के रूप में वितरित करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवधि में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं नियम अनुसार केंद्र पर उपस्थित होकर अन्य विभागीय गतिविधियां संचालित करेंगी। उन्होंने बताया कि अगर आवश्यक हुआ तो आगामी समय में भी बच्चों का अवकाश बढाया जा सकता है।

### राशन की दुकान को सीज किया

**मालपुरा, (निसं)।** कलेक्टर के निर्देशों व जिला रसद अधिकारी के आदेशों पर प्रवर्तन विभाग की टीम ने टोडारायसिंह क्षेत्र में राशन की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची जिसमें लतीफ मोहम्मद राशन डीलर की दुकान बंद पाई गई। दूरभाष पर राशन डीलर को उपस्थित होने के निर्देशों के बावजूद मौके पर नहीं पहुंचने तथा दुकान पर अनियमित्ता पाई जाने पर जांच दल ने दुकान को सीज किया।

### प्रायोगिक परीक्षा सोमवार को

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में स्नातक विज्ञान विषयों के पार्ट प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष नियमित, पूर्व एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा सोमवार 27 मई को प्रात: 09 बजे से आयोजित होगी। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने बताया कि सभी प्रायोगिक परीक्षार्थी अपने बैच से सम्बंधित जानकारी हेतु महाविधालय का नोटिस बोर्ड देखे। प्रायोगिक परीक्षा में सभी विधार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

### अस्थाई अतिक्रमण पर कार्रवाई जारी

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** नगरपालिका द्वारा कस्बे के मुख्य दर्शन मार्गों में हाथ ठेले,थोड़ी, रेहड़ी लगाकर अतिक्रमण करने वाले लोगों पर दूसरे दिन भी कार्रवाई की। शनिवार को ईओ अरूण शर्मा के निर्देशन में स्वास्थ्य निरीक्षक वीरेंद्र सिंह चंदेलिया की टीम ने कार्रवाई करते हुए 35 हाथ ठेलों को जब्त किया।

### गौवंश के लिये दवाईयां भेंट की

**कोटपूतली, (निसं)।** भारतीय मजदूर संघ अल्ट्राटेक सीमेंट कार्यकारिणी सदस्य व कार्यकर्ताओं द्वारा शनिवार को ग्राम कुजोता स्थित श्री रघुनाथ गौशाला को गौवंश के लिए दवाईयों का पैकेट उपलब्ध करवाया गया।

# नकबजनी की आधा दर्जन वारदातों का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

- 26 मोबाइल, एक लैपटॉप, एक सीसीटीवी डीवीआर, 100 मोबाइल डिसप्ले, दो स्मार्ट वॉच बरामद की

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आधा दर्जन की नकबजनी की घटनाओं को अंजाम देने वाले चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से अन्य मामलों के खुलासे की संभावना है।

कोटपुतली-बहरोड जिला पुलिस-अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि संपति संबंधी अपराधों की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली नेम सिंह के निर्देशन वृत्त अधिकारी विराटनगर रोहित सांखला के सुपरविजन एवं विराटनगर थाना प्रभारी मनोहर लाल के नेतृत्व में टीम का गठन कर टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए तकनीकी प्रणाली की सहायता से बदमाश सचिन, बलवीर, विकास उर्फ विक्की, मंजीत को गिरफ्तार किया है।



विराटनगर थाना पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी मनोहर लाल ने बताया कि 23 अप्रेल 2024 को किशोर राम पुत्र गिरधारी लाल निवासी ढाणी शीश वाली तन बियावास ने मामला दर्ज दर्ज करवाया था कि 22 अप्रेल की रात जय दुर्गा मोबाइल जक्शन मोबाइल की दुकान की पीछे की दीवार तोड़कर चोर मोबाइल, सीसीटीवी डीवीआर सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए हैं। जिस पर मामला दर्ज कर नकबजनी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए तकनीकी प्रणाली की सहायता से बदमाशो की तलाश करते हुए नकबजनी की घटना का पर्दाफाश करते हुए चार जनों को गिरफ्तार कर प्रकरण का माल 26 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, एक सीसीटीवी डीवीआर, एक कॉबो रिपेयर मशीन, एक रिवर्क स्टेशन मशीन, 100 मोबाइल डिसप्ले,19 लेक्सिबल ग्लास, दो स्मार्ट वॉच बरामद कर घटना में प्रयुक्त एक वाहन मोटरसाइकिल को भी जप्त किया। वहीं अनुसंधान के दौरान मुल्जिमों ने राजकीय श्री राम वरि.उपा.संस्कृत विद्या लय मैड, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मैड सहित अन्य नकबजनी की वारदात करना स्वीकार किया है। जिस संबंध मेंअभियुक्तों से गहनता से अनुसंधान जारी है।

## 'लू-तापघात से बचाव के लिए व्यवस्थाएं रखें'

**दौसा, (निसं)।** जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने शुक्रवार देर रात्रि एवं शनिवार को प्रात: जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने चिकित्सालय के दवा वितरण केंद्र, टीकाकरण कक्ष, ओपीडी, आईपीडी, मातृ शिशु स्वास्थ्य इकाई भवन एवं लू-तापघात के मरीजों के लिए की गई विशेष व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जिलेभर में चिकित्सा संस्थानों में लू-तापघात एवं हीटवेव और अन्य मौसमी बीमारियों के मरीजों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं रखने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को अविलंब इलाज उपल्बध हो सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में अधिकारी व कार्मिकों की उपस्थिति पंजीका, ड्यूटी के समय सभी कार्मिकों को निर्धारित ड्रेस कोड, साफ-सफाई की व्यवस्था को जांचा। उन्होंने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए चिकित्सालय में ठंडे पानी, पंखे, कूलर, ए.सी., विद्युत आपूर्ति इत्यादि व्यवस्थाओं को दुरस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन को हीट वेव एवं मौसमी बीमारियों से कोई समस्या का सामना न करना पड़े। मातृ शिशु स्वास्थ्य इकाई का निरीक्षण करते हुए ऑपरेशन थिएटर को चालू करवाने के निर्देश दिए।

# पालिका अध्यक्ष ने महिला नर्सिंग कर्मी पर अभद्रता करने का आरोप लगाया

- अस्पताल प्रभारी, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से की शिकायत
- बेड की चादर बदलने की बात पर हुई नोक-झोंक

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए पहुंची नगर पालिका अध्यक्ष तारामणि सतीश सिंघल के साथ लेबर रूम में कार्यरत महिला नर्सिंग कर्मी द्वारा अभद्रता किए जाने का मामला सामने आने पर अस्पताल प्रभारी डॉ अतुल गौड़ ने महिला नर्सिंग कर्मी को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा। जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच पूरी होने तक एपीओ करने की बात कही।

पालिका अध्यक्ष तारामणि सिंघल ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे स्वयं को चिकित्सक सुरेश पाटोदिया के पास इलाज के लिए पहुंची थी। चिकित्सक ने पालिका अध्यक्ष को ईसीजी कराने के लिए कहा। इसीजी वार्ड में आधे घंटे तक इंतजार करती रही पर कोई नहीं आया। वार्ड में कर्मचारियों से कहा तो लेबर रूम इंचार्ज महिला नर्सिंग कर्मी रजना ने लेबर रूम में आने के लिए कहा। महिला नर्सिंग कर्मी के कहने पर लेबर रूम में पहुंची। वहां बेड की चद्दर गंदी हो रही थी व लेबर रूम से बदबू आ रही थी। चद्दर बदलने के लिए कहा गया। जिस पर नर्सिंग कर्मी नाराज हो गई और गुस्से में बोली ईसीजी करानी है तो इसी बेड पर लेटना पड़ेगा।

चद्दर बदलने से इनकार करने की बात पर पालिका अध्यक्ष और महिला नर्सिंग कर्मी रजना के बीच आपस में तीखी नोकझोंक हो गई। बाद में स्टाफ ने मामला शांत कराया और पालिका अध्यक्ष की अस्पताल वार्ड में ईसीजी की गई । पालिका अध्यक्ष ने अस्पताल प्रभारी डॉ अतुल गौड़ व जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट व पूर्व विधायक रामहेत यादव को महिला कर्मचारी के व्यवहार को लेकर शिकायत की और कहा जब एक जनप्रतिनिधि के साथ व्यवहार सोभनीए नहीं है तो आम मरीजों के साथ केसा हो सकता है।

जिला चिकित्सा अधिकारी अरविंद गेट से पालिका अध्यक्ष और महिला नर्सिंग कर्मी के बीच हुई कहासुनी को लेकर पूछा गया तो उन्होंने बताया की पालिका अध्यक्ष तारामणि सतीश सिंघल की और से शिकायत की गई है।

महिला जनप्रतिनिधि के साथ नर्सिंग स्वास्थ्य कर्मी द्वारा अभद्रता की गई है तो वह ग़लत है। पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी जांच होने तक महिला स्वास्थ्य कर्मी को एपीओ किया जाएगा। महिला नर्सिंग कर्मी रजना ने कहा कैमरे दिखवा ले सच पता चल जाएगा। मैंने कुछ गलत नहीं कहा।



राजधानी जयपुर के नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में शनिवार शाम को हिप्पोपोटामस (दरियाई घोड़ा) रानी ने बछड़े को जन्म दिया है। बॉयोलॉजिकल पार्क में नया मेहमान आने से यहां के कर्मचारियों और पशु प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। फोटो राष्ट्रदूत

## लूट के तीन आरोपी पकड़े

**टोंक, (निसं)।** थाना कोतवाली क्षेत्र के डाईट रोड पर सूर्य नगर बस्ती में अर्धरात्रि में एक नाबालिग लड़के को पिस्टल की नौंक पर उसके हाथ पैर व मुंह बांधकर उसके घर में रखे 20 लाख 40 हजार की नगदी व जेवरात लूट कर ले जाने का मामला हुआ था, जिसकी सूचना 5 मई मध्यरात्रि थाना कोतवाली को दी गई थी।

जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन ने घटना को गम्भीरता को लेते हुए जांच के आदेश सरिता सिंह अति. पुलिस अधीक्षक, व राजेश विद्यार्थी, वृत्ताधिकारी टोंक के सुपरविजन में थानाधिकारी कोतवाली भवंर लाल वेष्णव को दिया। जिला पुलिस अधीक्षक ने 25 मई को प्रेस वार्ता कर बताया कि घटना से जुडे तीन आरोपी गिरफ्तार किये हैं, जिसमें मुख्य आरोपी पीडित पक्ष अब्दुल हमिद का भांजा आमिर मेव पुत्र वहीद मेव निवासी बाड़ाजैर किला, थाना सदर टोंक के निवास से 17 लाख 19 हजार रुपए बरामद किये। मुख्य आरोपी थाना सदर टोंक का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है । साथ ही अन्य दो आरोपियों में समीर नगवी पुत्र अब्दुल सलाम निवासी सआदत मोहल्ला मालपुरा हॉल निवासी परसारामपुरी जल महल जयपुर एवं तीसरा आरोपी मोहम्मद ताहिर पुत्र मो. जहिर निवासी परसारामपुरी जल महल जयपुर है, उक्त दोनों अपराधी मुख्य आरोपी के सहयोगी रहे।

पुलिस अधीक्षक, संजीव नैन ने बताया कि मुख्य आरोपी परिवादी अब्दुल हमीद का भांजा होने के कारण उसका घर में आना जाना बना रहता था, अब्दुल हमीद ने अपनी जमीन को बेचकर जो 19 लाख रूपये घर में रखे थे, उसकी जानकारी भी उसे थी। मुख्य आरोपी ने अपने साथी समीर को जयपुर से बुलाकर स्वयं तो मामा के साथ शादी में चला गया तथा अपने साथियों को रैकी करने के लिए कह गया।

## मंदिर से दान पात्र तोड़ रहे युवक को दबोचा

**मालपुरा, (निसं)।** डिग्गी थाना क्षेत्र के धोली गांव में शनिवार की दोपहर दिन-दहाड़े बाइक सवार एक युवक ने हनुमान मंदिर में घुस दान पात्र तोड़ चोरी का प्रयास किया इस दौरान पहुंचे ग्रामीणों ने युवक को दबोच डिग्गी पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार को भीषण गर्मी से बचने के लिये लोग अपने घरों में कैद थे। गांव में पहुंचा एक बाइक सवार युवक दिन-दहाडे बालाजी मंदिर में घुस कर दान पात्र तोड चोरी की वारदात का प्रयास कर रहा था। मंदिर में तोडफोड जैसी आवाजें सुन मंदिर के पास रहने वाले लोगों ने देखा तो युवक दान पात्र तोड रहा था। ग्रामीणों ने मंदिर पहुंच युवक को मंदिर में ही दबोच लिया। सुचना पर पहुंची डिग्गी थाना पुलिस ने युवक को पुलिस सुरक्षा में लेकर डिग्गी थाने पहुंची।

## ठगी के आरोपी को जेल भेजा

**मालपुरा, (निसं)।** महावीर मार्ग में कपड़े का व्यापार करने वाले व्यापारी को मालपुरा थाना पुलिस ने 15 लाख रूपये की ठगी के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को न्यायालय ने जेल भेज दिया।

थानाधिकारी चेनाराम बेडा ने बताया कि मालपुरा निवासी अमरदीप पुत्र विजयकरण भादा ने थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि कपडा व्यापारी जितेन्द्र उर्फ जीतू सिंघी से उसने साढे चार लाख रूपये उधार लिये थे। व्यापारी ने रूपये देने के दौरान उससे तीन बैंक चैक गिरवी रखे। रूपयों के लेन-देन के दौरान कपडा व्यापारी ने उसके द्वारा दिये गये एक चैक में 25 लाख रूपये की राशि भरकर बैंक में लगा दिया। मेरे खाते में बैंक बैलेंस नहीं होने से चैक बाउन्स हो गया। बैंक से चैक बाउन्स की सूचना पर वो कपडा व्यापारी के पास पहुंच बिना सूचना के ही बैंक चैक लगाने का उलाहना दिया तो जितेन्द्र सिंघी ने उसके विरूद्ध न्यायालय में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 138 के तहत चैक अनादर का मामला दर्ज करवा दिया। न्यायालय में दर्ज मामले में दोनों पक्षों के बीच बैठकर साढे ग्यारह लाख रूपये की राशि का निर्धारण कर लिखित में तीन गवाहों के समक्ष राजीनामा किया गया।

जितेन्द्र के पास रखे गये तीन चैक में से एक के बाउन्स हो जाने के बाद शेष दो चैक वापस मांगे तो एक चैक देकर दूसरा चैक कहीं इधर-उधर रख देने की जानकारी देते हुये ढूंढकर देने की बात कही थी। लेकिन काफि समय बाद भी वो चैक नहीं दिया। उन्नीस अप्रेल को जितेन्द्र ने चैक नम्बर 84 में 15 लाख रूपये की राशि भरकर बैंक में लगा दिया। जो खाते में पर्याप्त राशि के अभाव में बाउन्स हो गया। अमरदीप ने बताया कि मोबाईल पर मिले चैक बाउन्स के मैसेज के बाद बैंक से सम्पर्क किया गया तो जितेन्द्र द्वारा 15 लाख रूपये का चैक लगाने की जानकारी सामने आई।

# गर्मी व तेज धूप से ट्रैफिक पुलिस जवान की बिगड़ी तबीयत

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे में दोपहर में अचानक ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी की तबीयत खराब हो गई जिसे साथी जवानों ने अस्पताल में भर्ती करवाया है।

जानकारी के अनुसार यातायात पुलिस का जवान कैलाशचंद जो कस्बे की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहा था कि अचानक तैज गर्मी तथा अत्यधिक धूप के कारण उसकी तबीयत बिगड़ गई जिससे बार बार वह पुलिस चौकी में जा रहा था और थोड़ा आराम कर फिर ड्यूटी कर रहा था कि अचानक और अधिक तबीयत बिगड़ने पर उसे उल्टी दस्त की शिकायत हो गई जिससे अन्य साथियों ने मिलकर उसे राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में भर्ती करवाया। चिकित्सकों ने जवान कैलाशचंद को आपातकालीन वार्ड में भर्ती कर ईलाज शुरू कर दिया।



साथी जवानों ने अस्पताल में भर्ती कराया।

जवान की तबीयत बिगड़ने का समाचार मिलते ही थानाधिकारी जयसिंह बसेरा भी दलबल के साथ अस्पताल पहुंचे और जवान की कुशलक्षेम जानी। फिलहाल जवान का अस्पताल में ईलाज जारी है।

## नवजात बच्ची को संत आश्रम में छोड़ा

**बौंली, (निसं)।** मां इस मृत्यु लोक में सभी प्राणियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है उस मां की क्या मजबूरी रही होगी जिसने अपनी 15 दिन की नवजात बच्ची को रात्रि के समय आश्रम में छोड़कर चली गई।

ग्रामीणों से जानकारी के अनुसार क्षेत्र के झनूण ग्राम पंचायत के भेडोली संत आश्रम पर एक 15 दिन की नवजात के मिलने से ग्रामीण एवं संत सभी हैरान रह गए संत आश्रम पर शुक्रवार रात्रि को 9 बजे बाद लाइट चले जाने पर एक मां 15 दिन की नवजात बच्ची को ब्रह्मलीन संत शिवानंद जी महाराज की मूर्ति के चरणों में एक कपड़े के थेले पर रखकर फरार हो गई संत नित्यानंद जी महाराज एवं ग्रामीणों ने उसकी मां का पूरी रात इंतजार किया एवं नवजात की देखभाल की फिर शनिवार को बौंली पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस ने नवजात को बौंली चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां शिशु रोग विशेषज्ञ एवं चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर हेमंत ने बताया कि नवजात बच्ची स्वस्थ है एवं करीब 15 दिन पूर्व ही उसका जन्म हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सार-समाचार

### समर कैंप का उद्घाटन



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के जीडीएमएल पटवारी पी जी महिला महाविद्यालय में समर कैंप का उद्घाटन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. गोपेश सैनी (पूर्व प्रोफेसर राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर )विक्रम शुक्ल (प्राचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलवाडी खंडेला) विजय लक्ष्मी (पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष ) सुमन चौधरी(पूर्व प्रधान पंचायत समिति श्रीमाधोपुर) महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमित्रा गुप्ता ने सरस्वती पूजन एवं आतिथ्य सत्कार के पश्चात् समर कैंप के बारे में छात्रों को बताया जिसमें महिलाओं के उत्थान की योगयता वृद्धि हेतु गुर सिखाए। अंग्रेजी स्पोकन क्लासेज , खेलकूद चित्रकला आर्ट एंड क्राफ्ट, नृत्य , हैंडीक्राफ्ट, ब्यूटीपार्लर, सामान्यज्ञान की कक्षाओ, कंप्यूटर से संबंधित जानकारी जैसे एमएस वर्ड, एक्सल फाइल बनाना , आर एस सी आई टी कोर्स के बारे में जानकारी प्रदान दी उपस्थित अतिथियों ने छात्राओं को समय प्रबन्धन , संस्कारवान, आत्मनिर्भर एवं गुर सीखने हेतु समर्पण, तत्परता, जागरुकता , नियमित कक्षा लेने, एवं स्व:मूल्यांकन पर बल दिया। प्राचार्या ने सभी प्रशिक्षक रामावतार बर्रा (कम्प्यूटर) गजेन्द्र स्वामी ( आर्ट एण्ड क्राफ्ट ) भींव राम मीणा (सामान्यज्ञान ) आशुतोष कुमावत (खेल) पूनम योगी (नृत्य) आरती सैनी ( मेंहदी, पॉट पेन्टिंग ) अनीता मुण्डोतिया (ब्यूटीपार्लर ) मंजीता वर्मा (सिलाई) प्रवीण सैनी, कशिश अग्रवाल व संजय बंसल ( अंग्रेजी स्पोकन) को रूबरू कराया ।

### दो हजार का इनामी आरोपी पकड़ा

**दूदू, (निसं)।** जिले के अधीन मोजमाबाद पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन बोराज गांव में व्यापारी से हफ्ता वसूली करने की मांग के बाद कुल्हाड़ी से वार करने के दर्ज प्रकरण में पुलिस द्वारा कार्रवाई कर 2000 की इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल ने बताया कि 15 मार्च को मोजमाबाद थाने में चंद्र प्रकाश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराकर अवगत कराया कि संजय मीणा उर्फ डेविड व धर्मवीर ने मेरी दुकान पर आकर पांच हजार रूपए की हफ्ता वसूली की मांग की नहीं देने पर कुल्हाड़ी से वार किया। इस दौरान मैंने मेरा जीवन बचा लिया पुलिस थाने में दर्ज मामले के बाद उप पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल एवं थाना प्रभारी संजय प्रसाद के नेतृत्व में टीम का गठन कर आरोपी की तलाश शुरू की गई पुलिस ने अपने प्रयासों से आरोपी संजय मीणा उर्फ डेविड धर्मवीर को गिरफ्तार कर लिया।

### शिविर में 175 लोग लाभान्वित हुए

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के श्रीरामनगर में संचालित श्रीबालाजी क्लीनिक एवं पंचकर्म सेन्टर पर शनिवार को प्रात: 9 बजे से 12 तक विश्व थायराइड दिवस के उपलक्ष में सरस्वती एजुकेशनल एण्ड कल्चरल रिसर्च सोसायटी के तत्वावधान में निशुल्क जांच एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. अविनाश दाधीच ने बताया कि शिविर में 175 लोगों की निशुल्क थायराइड जांच की गई। साथ ही जरूरतमंद लोगों को दवा का निशुल्क वितरण किया गया। इसके अलावा वहीं शिविर में मरीजों को थायराइड का प्राकृतिक तरीकों से उपचार करने का तरीका भी बताया गया। शिविर में विशाल सिंह, रोशन, मयंक शर्मा, कार्तिक कुमावत एवं अखिल कुमावत ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

### फुलेरा जंक्शन पर जलसेवा सूचारू

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा जंक्शन पर दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जलसेवा सूचारू रूप से की जा रही है। दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत के अध्यक्ष अशोक वासदेव ने बताया कि प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से शाम 6 बजे तक की जा रही जल सेवा में आरो का ठण्डा पानी पिलाया जा रहा है। उक्त सेवा 12 मई से 23 जून तक अनवरत चलेगी। इसके चलते शिक्षाविद् शक्ति सिंह, प्रेम नारायण कुमावत, मेघा, दुर्गा, राजू जांगिड़, प्रेम चन्द सेन, के के शर्मा, प्रेम चन्द कुमावत, जितेन्द्र जादौन सहित महिला शक्ति में कमला सेन एवं स्काउट के बच्चों द्वारा लम्बे रूट से आ रही ट्रेनों में यात्रियों को ठण्डा जल पिलाया जा रहा है।

### अस्थि विसर्जन यात्रा हरिद्वार रवाना

**कोटपूतली, (निसं)।** मानव कल्याण सेवा समिति द्वारा लावारिश शवों के अन्तिम संस्कार करने के बाद उनकी अस्थि विसर्जन यात्रा शनिवार शाम स्थानीय पुलिस थाना से हरिद्वार के लिये रवाना हुई। यात्रा को डीएसपी राजेन्द्र बुरडक व थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश स्वामी ने बताया कि विगत 24 वर्षो से समिति द्वारा लावारिश शवों का अन्तिम संस्कार किया जा रहा है। जिसके बाद उनकी अस्थियों को विधि-विधान से हरिद्वार माँ गंगा में विसर्जित किया जाता है। इस बार08 लावारिश शवों की अस्थियां विसर्जित की जायेगी। जिसमें 07 पुरूष व 01 महिला की अस्थियां शामिल हैं। यात्रा गाजे-बाजे के साथ रवाना हुई। जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं कस्बे के मुख्य चौराहा पर जेसीबी से पुष्पा वर्षा की गई। इस दौरान अध्यक्ष ओमप्रकाश स्वामी, ओमप्रकाश बंसल, शिम्भूदयाल गर्ग, सज्जन सिंह यादव, सुरेश चन्द यादव, बलवीर सिंह शेखावत, सत्यनारायण मिस्त्री, ज्योति स्वामी व तनिषा स्वामी आदि हरिद्वार के लिये रवाना हुये।

### दहेज मुक्त शादी का संदेश दिया

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के आंटोली गांव में बारात लेकर पहुंचे दुल्हे व उसके पिता ने मिलनी के दौरान वधु पक्ष की ओर से दिये दो लाख दो हजार एक सो एक रूपये लेने से इंकार कर दलित समाज को दहेज मुक्त शादी करने का दिया संदेश। शनिवार को लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के आंटोली गांव में सुवालाल बैरवा की पुत्री मोहिनी की शादी समारोह में आवडा निवासी कानाराम बैरवा बारात लेकर पहुंचे। बारात के पहुंचने पर बैरवा समाज के पंच पटेलों व समाज बंधुओं की उपस्थिति में वधु पक्ष की ओर से वर पक्ष से मिलनी अर्थात दो समधियों के बीच हुई रामा स्यामा में वधु पक्ष के पिता ने दो लाख दो हजार एक सो एक रूपया दिया जिस पर वर पक्ष ने शादी मे किसी प्रकार का कोई दहेज नहीं लेने की बात कहते हुये लडकी क पिता की और से दी गई राशि को लौटा एक रूपया व नारियल शगुन के तौर पर लेकर बैरवा समाज मे एक मिशाल बनते हुये समाज को दहेज मुक्त शादी करने तथा कन्या व कलश को ही सर्वोपरि मानने का संदेश दिया है।

### गरीब परिवार के बेटे ने रचा इतिहास

**शाहपुरा, (निसं)।** कस्बे के जुगल जी का मोहल्ला स्थित श्री कृष्ण विद्या मंदिर सी. सैकंडरी स्कूल का होनहार छात्र जिले में टॉप पर आया। श्री कृष्णा विद्या मंदिर स्कूल शनिवार को निदेशक डॉ.राजेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य में 12 बोर्ड परीक्षा में टॉपर रहे मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों का साफा बांधकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान स्कूल के निदेशक डॉ. राजेंद्र ने बताया की छात्र ललित यादव एक गरीब परिवार से हैं। ललित यादव के पिता पेट्रोल पंप पर सेल्समैन का कार्य करते हैं और माता ग्रहणी है। ऐसे में छात्र ललित यादव ने उच्च अंक प्राप्त व जिले में टॉपर कर माता पिता के सपने को साकार किया है।इस दौरान डॉ. राजेंद्र यादव ने जिला जयपुर ग्रामीण के कला वर्ग में टॉप रहे ललित यादव (97.80 ) से जब पूछा की उसने इतिहास रच दिया तो ललित ने कहा कि उसे पूरा विश्वास था की वह जिले को टॉप करूंगा। इस बात पर समस्त विद्यार्थियों ने लंबे समय तक करतल ध्वनि के साथ ललित का हौसला बुलंद किया।

### परिंडे व चुग्गापात्र लगाये

**सांभरझील, (निसं)।** लगातार बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए उचित स्थान पर जल व चुग्गा पात्र लगाने के लिए महात्मा फुले ब्रिगेड की तरफ से खेल स्टेडियम, दो खभों की बावड़ी, बालाजी मंदिर परिसर में पक्षियों के लिए इंतजाम किया गया। इनकी ओर से आमजन से अपील भी की गई कि वह भी अपने घरों में उचित स्थान पर पशुओं के लिए पर्याप्त जल चुग्गा पात्र अवश्य रखें ताकि इन बेजुबानों का जीवन सुरक्षित रह सके। इस मौके पर फुलर ब्रिगेड के डालचंद, पुष्कर सैनी, मनोज अजमेरा, रमेश सैनी, महिला प्रकोष्ठ की प्रेम देवी सैनी, रेखा भाटी, जयमला सैनी, मोनिका, ईशा, संजू, रिंकू, सुमित्रा, गुंजन आदि की मौजूदगी रही।